दैनिक भास्कर

इंदौर, सोमवार, 20 मार्च, 2017 | 14

सेमिनार | श्री छत्रपति शिवाजी सहकारी साख संस्था में आयोजित साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण में बोले एडीजी नारकोटिक्स

सोशल मीडिया का सोच-समझकर करें इस्तेमाल : कपूर

भास्कर संवाददाता | इंदौर

दुनिया में तेजी से मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। लोग सोशल मीडिया का खूब इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन इसे लेकर लोगों में जागरूकता नहीं है। जागरूकता ही साइबर सुरक्षा का मंत्र है।

यह बात नारकोटिक्स एडीजी वरुण कपूर ने कही। वे रविवार को श्री छत्रपति शिवाजी सहकारी साख संस्था द्वारा आयोजित साइबर जागरूकता कार्यशाला में जानकारी दे रहे थे।

श्री छत्रपति शिवाजी सहकारी साख संस्था द्वारा आयोजित साइबर जागरूकता कार्यशाला में नारकोटिक्स एडीजी वरुण कपूर ने बताया कैसे रहें जागरूक।

उन्होंने यहां साइबर अपराध के विश्वभर में प्रभाव, उसे रोकने के बेहतर उपाय, काल्पनिक दुनिया में गतिविधि संचालित करने के सुरक्षित उपाय बताते हुए कुछ महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए, ताकि इंटरनेट का उपयोग सुरक्षित ढंग से अपने लाभ के लिए किया जा सके।

सोशल साइट्स, बैंक, बीमा, हवाई-बस-रेल यात्रा, शासकीय कार्य सहित हर क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग हो रहा है। इसके साथ ही साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने सोशल नेटवर्किंग, जियो टेगिंग, फिशिंग, आइडेंटिटी थेफ्ट, स्पूफिंग , डाटा थेफ्ट, फाइनेंशियल फ्रॉड से भी सदस्यों को अवगत करवाया। इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के साथ ही आईटी एक्ट की जानकारी भी दी। एडीजी ने कार्यशाला के दौरान सदस्यों की जिज्ञासाओं को शांत भी किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष दिलीप सूर्यवंशी ने संस्था की ओर से एडीजी को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था सदस्यों के साथ ही उपपुलिस अधीक्षक सुभाष सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।